भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2259
15.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

आयातित रसायनों की जांच

2259. सुश्री देबाश्री चौधरी:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास देश में विशेष आर्थिक क्षेत्र से लेकर घरेलू शुल्क क्षेत्र तक बोरिक एसिड जैसे आयातित रसायनों के नमूने की नियमित जांच के लिए कोई स्थापित तंत्र मौजूद है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास बोरिक एसिड जैसे रसायनों, जिसका आई.एस.10116:2015 के रूप में 2019 से आज की तिथि तक मानकों को पूरा करने के लिए जांच की गई है, के आयात-खेप की संख्या संबंधी कोई आंकड़ा है;

(ग) यदि हां, तो एसईजेड और डी.टी.ए. से लिए गए नमूनों सहित ऐसे आयातित खेप से लिए गए नमूनों की संख्या क्या है तथा ऐसे खेप की संख्या क्या है जिसने आई.एस. 10116:2015 के मानकों को पूरा करने में असफल रहा है;

(घ) बोरिक एसिड के लिए वर्तमान में मौजूद और लागू आई.एस.10116:2015 के अद्यतन वर्तमान मानक के बावजूद इसके लिए आई.एस. 10116:1982 के पूर्ववर्ती मानक के तहत कोई लाइसेंस देने के लिए विदेशी विनिर्माण प्रमाणन योजना के तहत सरकार के पास कोई प्रावधान है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक राज्यमंत्री

(श्री भगवंत खुबा)

संसद प्रश्न के उपरोक्त बिंदु (क) से (ड.) का बिंदुवार उत्तर इस प्रकार है:

(क) से (ग): राजस्व विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, जोखिम प्रबंधन प्रणाली के तहत, बोरिक एसिड जैसे रसायनों सहित माल के आयात के लिए बिल ऑफ एंट्री दाखिल करने पर मूल्यांकन अधिकारियों को परीक्षण के लिए नमूने लेने के निर्देश जारी किए जाते हैं। इसके अलावा, सीबीआईसी ने दिनांक 28.10.2004 के परिपत्र 61/2004-सीयूएस और दिनांक 06.09.2005 के परिपत्र 37/2005 के माध्यम से बोरिक एसिड के आयात को विनियमित किया है, जिसमें आयातकों को केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और पंजीकरण समिति के पास पंजीकरण करना चाहिए। ऐसे परीक्षण का विवरण नीचे सारणीबद्ध है:

वर्ष	परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजे गए रसायनों की आयातित खेपों की संख्या	परीक्षण के अनुसार विफल खेपों की संख्या
2019-20	618	0
2020-21	698	8
2021-22	833	1
2022-23	624	2
2023-08.08.2023 तक	261	5
कुल	**3034**	**16**

(घ): भारतीय मानक के संशोधन के बाद, लाइसेंसधारी/विनिर्माता को निर्धारित समय अवधि के भीतर संशोधित मानक पर स्विच करने की सुविधा प्रदान करने के लिए पुराने और संशोधित संस्करण के कन्करंट रनिंग पिरीयड की अनुमति दी जाती है। कन्करंट रनिंग पिरीयड समाप्त होने के बाद, भारतीय मानक के पुराने संस्करण को राजपत्र अधिसूचना द्वारा विदड्रॉ कर लिया जाता है। विदड्रॉ कर लिए गए भारतीय मानक के विरुद्ध बीआईएस प्रमाणन/लाइसेंस देने का कोई प्रावधान नहीं है।

(ड़): लागू नहीं।

****